सीएसआईआर - केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान

पिलानी (राज.) - 333031

संख्या: प्र. अ. /विविध /2022 दिनांक : 09.09.2022

कार्यालय ज्ञापन

भारत सरकार की संस्था होने के नाते केन्द्र सरकार व परिषद मुख्यालय से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुसरण में संस्थान में समय-समय पर विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस संदर्भ में सक्षम प्राधिकारी के संज्ञान में आया है कि इन आयोजनों, दिवसों, विदाई समारोहों आदि में संस्थान के सहकर्मियों की उपस्थिति बहुत कम होती है जिसे गंभीरता से लिया गया है।

"उपर्युक्त के मद्देनजर यह अधिसूचित किया जाता है कि संस्थान द्वारा आयोजित सामान्य कार्यक्रमों (सभी के लिए खुला), विदाई समारोहों आदि में संस्थान के सभी सहकर्मी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। किसी अपरिहार्य स्थिति में संबंधित सहकर्मी अपने विभागाध्यक्ष की अनुमति से ही अनुपस्थित रहेंगे। इन आदेशों की अनुपालना न करने पर संबंधित सहकर्मी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।"

यह कार्यालय ज्ञापन निदेशक, सीएसआईआर-सीरी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

महेन्द्र सिंह 09/09/2022

(महेन्द्र सिंह)

प्रशासनिक अधिकारी

प्रतिलिपि:-

1. निदेशक कार्यालय, सीएसआईआर-सीरी
2. प्रशासन नियंत्रक, सीएसआईआर-सीरी
3. नेटवर्क प्रबंधन प्रकोष्ठ :- सीरी वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु
4. सूचना पट्ट